Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue regarding pension under Pradhan Mantri Kissan Samman Nidhi scheme.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं । सर, 'पी.एम.-किसान' सम्मान योजना के माध्यम से किसानों को जो पेंशन दी जा रही है, उसमें मुझे लगता है कि हर एक सांसद का यह विषय हो सकता है । अगर 400 किसान इसके पात्र हैं तो उनमें से सिर्फ 150 किसानों को ही पेंशन का लाभ मिल रहा है । बाकी के किसानों के बारे में मैंने डी.एम. से पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने डेटा अपलोड किया है, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम होने की वजह से वह आ रहा है ।

अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सम्माननीय कृषि मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि ऑनलाइन सिस्टम में जो कुछ कमियां हैं, वे दूर की जाएं और हर पात्र किसान को पीएम-किसान सम्मान योजना के माध्यम से जो पेंशन मिल रही है, वह पेंशन उनके खाते में जमा होती जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री मलूक नागर को श्री ओम पवन राजेनिंबालकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री अनिल फिरोजिया - उपस्थित नहीं ।

श्री राज बहादुर सिंह ।